**सोमवार**
19 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4
**संतरे को कहा जाता है सुपरफूड, सेवन से दूर होगी कई बीमारियां**



पृष्ठ 5
**जीवन भर ब्रह्मास्त्र को संजोकर रखूंगी : मौनी रॉय**



- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 221
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अनुभव की पाठशाला में जो पाठ सीखे जाते हैं, वे पुस्तकों और विश्वविद्यालयों में नहीं मिलते।

— अज्ञात

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## विधानसभा भर्तियों पर सख्त एक्शन की तैयारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा भर्ती घोटाले में बहुत जल्द एक्सपर्ट कमेटी अपनी फाइनल रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को सौंपने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने इस मामले में बयानबाजी करने वाले नेताओं को हिदायत देते हुए कहा है कि वह थोड़ा इंतजार करें और विधानसभा की गरिमा से जुड़े इस मुद्दे पर बेकार की बयान बाजी न करें। रिपोर्ट आने दीजिए जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी से आज मिलने पहुंचे एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन डीके कोटिया से मुलाकात के बाद यह बात विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कही गई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें अभी समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है या नहीं। लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि समिति ने अपनी जांच का काम पूरा कर लिया है और इसकी



**❑एक-दो दिन में आ सकती है समिति की रिपोर्ट**
**❑विधानसभा अध्यक्ष ने कहा नेता बयान बाजी न करें**

फाइनल रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जैसे ही समिति की रिपोर्ट आएगी इसके तुरंत बाद उस पर कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसके बारे में किसी को कोई कयास लगाने की जरूरत नहीं है उन्होंने इस मुद्दे पर बयानबाजी करने वाले नेताओं के बारे में कहा कि यह लोकतंत्र के मंदिर कहे जाने वाली विधानसभा की गरिमा से जुड़ा हुआ विषय है। इस पर बयान बाजी न करें समिति की रिपोर्ट आने का इंतजार करें। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा रखना चाहिए कि इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर सख्त फैसला लिया जाएगा जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी होगी और भविष्य में नियुक्तियों में इस तरह की कोई अनियमितताएं न हो पाए इसके लिए भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में होने वाली नियुक्तियों और पदोन्नति में पारदर्शिता के लिए भी निर्णय लिए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस घोटाले के खुलासे के बाद एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया गया था जिसको 1 माह में अपनी जांच कर रिपोर्ट देने का समय दिया गया था। उम्मीद है कि आने वाले एक-दो दिन में ही यह समिति अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंप देगी तथा इसी सप्ताह इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

## पंजाब के सीएम मान को फ्लाइट से उतारा

विशेष संवाददाता



**❑ज्यादा पीने के कारण नहीं बैठने दिया**
**❑कांग्रेस ने की मान के इस्तीफे की मांग**
**❑आम आदमी पार्टी व केजरीवाल पर सवाल**

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एक बार फिर सुर्खियों में हैं। खबर है कि जर्मनी में उन्हें एक फ्लाइट से इसलिए उतार दिया गया क्योंकि वह बैठ पाने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने इतनी अधिक पी रखी थी कि एयरपोर्ट अथॉरिटी और फ्लाइट स्टाफ द्वारा उनके सामान के साथ उन्हें नीचे उतार दिया गया।

पंजाब कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आज इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान की इस हरकत ने देश और पंजाब को शर्मसार कर दिया और उन्हें नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनका कहना है कि इस घटना ने विदेशों तक पंजाब के लोगों को अपमानित कर दिया है।

उनका कहना है कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि एक पियक्कड़ मुख्यमंत्री भला पंजाब का क्या भला कर सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह की जानकारी उनके साथ गए लोगों से मिली है। उनका कहना है कि पंजाब पंजाबियों के लिए इससे ज्यादा और शर्मिंदगी की बात क्या हो सकती है कि उनके मुख्यमंत्री को जहाज से उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार यह घटना जर्मनी के लुफ्थांस एयरपोर्ट की बताई गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस घटना के कारण फ्लाइट को 4 घंटे देरी भी हुई।

इस घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए कांग्रेस नेता सुखपाल खैरा का कहना है कि उनके बारे में जो कुछ सुना जा रहा है वह हो भी सकता है क्योंकि उनके पियक्कड़ होने के बारे में सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि देश की केंद्र

◀◀ शेष पृष्ठ 4 पर

## घाटी में युवाओं को हिंसा के लिए भड़का रहे कई मौलवी: पुलिस

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में अब पहले के मुकाबले शांति है। लेकिन इस शांति और अमन के दुश्मन अभी भी अपने काम पर लगे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि, हाल ही में कड़े सार्वजनिक सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत धार्मिक मौलवियों के खिलाफ चेतावनी के बावजूद युवाओं को हिंसा के लिए उकसाया जा रहा है।


कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि, कई मौलवियों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद ये युवाओं को भड़का रहे हैं। बारामूला में एक क्रिकेट टूर्नामेंट से अलग पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि, इन लोगों को कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने कहा, ऐसी खबरें हैं कि कुछ अन्य मौलवी भी ऐसा ही कर रहे हैं। जल्द ही सबूत मिलने के बाद उन पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।

विजय कुमार ने कहा कि इस तरह के खतरे को रोकने के लिए उनके पास अन्य कानूनी विकल्प हैं। इनमें से कुछ मौलवियों को संवेदनशील बनाया जा रहा है और उन्हें घर जाने दिया जा रहा है और जब कोई मौलवी युवाओं को हिंसा के लिए उकसाने का काम करता है तो पीएसए अंतिम विकल्प है।

## भारत में आज आए 5 हजार से भी कम कोविड-19 केस, 4735 मरीज हुए ठीक

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के केस आज सोमवार को पांच हजार कम आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 4,858 नए मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना रिकवरी रेट लगभग 98.71 प्रतिशत है। देश में कुल आंकड़ा 4,39,57,929 तक पहुंच गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 48,027 है। कल पंजीकृत सक्रिय मामले लगभग 47,922 थे। देश में बीते 24 घंटे की अवधि में कोरोना



एक्टिव केसों की संख्या में 105 मामलों की वृद्धि दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में कुल संक्रमण का 0.11 प्रतिशत शामिल है। देश में अब मरने वालों की कुल संख्या 5,28,355 है।

भारत में कोविड-19 महामारी के कारण पहली मौत मार्च 2020 में हुई थी। 19 सितंबर को दैनिक सकारात्मकता दर 1.96 प्रतिशत दर्ज की गई थी। देश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 2,16,70,14,127 है। बीते 24 घंटों में कोरोना के 13,59,361 वैक्सीन डोज दिए गए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में रविवार को कोरोना की 0.97 प्रतिशत की सकारात्मकता दर और संक्रमण के कारण एक मौत हुई है। वहीं कोरोना के 95 नए केस दर्ज किए गए हैं। दिल्ली का कोविड-19 टैली 20,02,452 हो गया, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़कर 26,499 हो गई। दिल्ली में कोरोना के मामलों में पिछले कई दिनों में गिरावट दर्ज की गई है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## कब तक किरकिरी कराएंगे मंत्री?

अपने उल्टे सीधे कामों और हठधर्मिता से शहरी विकास मंत्री सरकार की और कितनी किरकिरी कराएंगे? तथा भाजपा उन्हें कब तक बचाने का प्रयास करती रहेगी? यह अब किसी की भी समझ से परे हो गया। जिन विधानसभा में हुई भर्तियों को लेकर वह बड़ी दबंगई से यह कहते रहे हैं कि उन्होंने भाजपा और संघ के नेताओं के सगे संबंधियों को नौकरियां दी लेकिन इसमें उन्होंने कौन सा गलत काम किया, कौन सा भ्रष्टाचार किया। वह पूर्व स्पीकर और वर्तमान के शहरी विकास मंत्री नगर निगम और नगर पालिकाओं में थोक के भाव किए गए तबादलों को लेकर एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में हैं। सवाल यह है कि अगर उनके द्वारा विधानसभा में की गई 72 भर्तियां संवैधानिक रूप से सही थी तो उनकी ही सरकार द्वारा इसकी जांच क्यों कराई जा रही है। क्यों मुख्यमंत्री को विधानसभा अध्यक्ष को खत लिखने की जरूरत पड़ी और क्यों विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी जांच के लिए समिति बनाई तथा क्यों विधानसभा अध्यक्ष और सीएम धामी अवैध तरीके से की जाने वाली भर्तियों को रद्द करने की बात कह रहे हैं। इस मामले में समिति की रिपोर्ट आने वाली है। जिसके बाद यह भर्ती या तो रद्द हो ही सकती हैं और प्रेमचंद्र अग्रवाल के मंत्री बने रहने की संभावनाएं भी बहुत कम है। क्योंकि इस मुद्दे को लेकर भाजपा और सरकार की छवि तो खराब हो ही रही है साथ ही प्रेमचंद अग्रवाल को भी जहां वह जाते हैं काले झंडे दिखाए जा रहे हैं। राज्य के युवाओं में इसे लेकर भारी आक्रोश है। प्रेमचंद्र अग्रवाल द्वारा वर्तमान में जिन 74 कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं अगर वह ठीक थे तो फिर मुख्यमंत्री धामी को इन तबादलों पर रोक लगाने की जरूरत क्यों पड़ी? यह बात मंत्री जी को क्यों समझ नहीं आ रही है। पहले से बैक डोर भर्तियों के आरोपों से घिरे प्रेमचंद्र अग्रवाल को क्या इस बात की जानकारी नहीं या समझ नहीं है कि हरिद्वार में इस समय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहे हैं और आचार संहिता लागू है फिर क्यों उन्होंने हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में कई अधिकारी और कर्मचारियों के तबादलों के आदेश जारी कर दिए। एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह है कि निकाय कर्मचारियों की सेवाएं केंद्रीय सेवाओं के अंतर्गत आती हैं जो राज्य के तबादला एक्ट में नहीं आती हैं। हास्यास्पद बात यह है कि मंत्री जी तबादलों की सूची जारी कर तुरंत विदेश दौरे पर निकल जाते हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनकी गलती को सुधारने का काम मुख्यमंत्री धामी द्वारा इन तबादलों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर किया जाता है। सवाल यह है कि मुख्यमंत्री और सरकार तथा भाजपा कब तक उनका बचाव करती रहेगी। और उनके कामों के कारण जो पार्टी की किरकिरी हो रही है उसे भाजपा कब तक नजरअंदाज करती रहेगी?

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला भाजपा संगठन ने मुख्यालय में आयोजित की प्रबुद्ध जनों की गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। जिला सभागार उत्तरकाशी में भाजपा ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज प्रबुद्ध जनों की गोष्ठी आयोजित की।



वंदे मातरम गीत के बाद कार्यक्रम के संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों का माल्यार्पण कर पीएम मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एक गरीब परिवार में जन्म, परिवार की आजीविका के कार्य में सहयोग और साथ साथ में पढ़ाई से लेकर वर्तमान में देश ही नहीं बल्कि दुनिया का नेतृत्व करने तक पर यदि बात की जाय और देखा जाय तो साल भी कम पड़ जाएंगे।दिन में 18 घंटे काम करना और कभी अवकाश न लेना अनवरत काम करना यही उनका मूल मंत्र है।

स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल ,वैश्विक महामारी कॉविड में स्वदेशी वैक्सीन से देश का दुनिया को सामर्थ्य बताना , सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर साजिश कर्ताओं के हौसले पस्त करना,धारा 370 समाप्त करना और राम मंदिर निर्माण का सर्वमान्य हल निकाल कर मार्ग प्रसस्त करना जैसे असंख्य ऐतिहासिक देश के विकास के निर्णय उनकी कार्य क्षमता को परदर्शित करते हैं।

प्रेम सिंह पंवार, रामगोपाल पैनुली, बुद्धि सिंह कुमाई, विक्रम सिंह नाथ तथा महेश पंवार ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने कहा कि हम अपने स्थान से ही अपने पद के अनुसार ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए मोदी जी के राष्ट्र निर्माण के विशाल अनुष्ठान में आहुति दे सकते हैं। आसुरी शक्तियां जो प्रबल असर दिखा रही है उन्हे परास्त करने के लिए मोदी जी के हाथों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध संत श्री कुट्टी स्वामी महाराज ने इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री काल से लेकर वर्तमान समय तक उनके साथ नजदीकी से मिलने की बात करते हुए विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि हर कोई मोदी जैसा बन सकता है यदि व्यक्ति कार्य में अपने स्वार्थ को अलग रख कर देश हित में कार्य करता है।

भारत दुनिया की आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र था है और रहेगा। भारत की संस्कृति भारतीयों के डीएनए में है,इसे कोई मिटा नही सकता।कार्यक्रम को समाप्त करते हुए जिला अध्यक्ष श्री रमेश चौहान जी ने सभी प्रबुधजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व के निर्बाध निष्कलंक २०वर्ष हर राजनीतिज्ञ के लिए प्रेरणा है। पहले पुरुष्कार सम्मान शूट बूट पहने खास पहचान रखने वालों को मिलते थे, अब आदिवासी क्षेत्रों तथा समाज के वंचितों के लिए काम करने वाले भी सम्मानित हो रहे है,अब श्रीमती द्रोपदी मुर्मू भी राष्ट्रपति बन रही है। पहले विदेशी मेहमानों को गुलामी के प्रतीकों से नवाजा जाता था अब,भगवत गीता और रुद्राक्ष माला भेंट की जा रही है।इस अवसर पर मोदी जी पर लिखी पुस्तक की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर रामानंद भट्ट, जयबीर चौहान, श्रीमती ललिता सेमवाल, श्रीमती सरिता पड़ियार,भूपेंद्र यादव, उदय राणा, सूरत गुसाई, अजीतपाल पंवार, देशराज बिष्ट, महावीर नेगी, बाल शेखर नौटियाल,सोभन लाल प्रजापति, बुद्धि सिंह कुमाइ, प्रेम सिंह पंवार, सहित अनेक गणमान्य लोग तथा भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हरीश डंगवाल ने किया गया।

## दुष्कर्मी पिता गिरफ्तार, भेजा जेल

हमारे संवाददाता

पौड़ी। रिश्तों को तार तार व शर्मशार करने वाला एक मामला पौड़ी जनपद में सामने आया है। यहां पिता द्वारा अपनी ही नाबालिग पुत्री को अपनी हवस का शिकार बना लिया गया। पीड़िता की तहरीर पर राजस्व पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार जनपद पौड़ी के तहसील सतपुली के अंतर्गत एक गांव में 15 वर्षीय बालिका के साथ उसके ही पिता द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि मामला तब पकड़ में आया जब दुष्कर्म पीड़िता की तबीयत खराब होने पर उसके पिता द्वारा उसे हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोली लाया गया, जँहा बालिका द्वारा अस्पताल के डाक्टरों को आपबीती सुनाई गयी। जिसका संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत राजस्व पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद मौके पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा बालिका के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। उप जिलाधिकारी सतपुली संदीप कुमार ने बताया कि बालिका के बयानों के आधार पर धारा-376 तथा पोस्को एक्ट में मामला दर्ज कर दिया गया है और आरोपी पिता को जेल भेज दिया गया है, साथ ही मामले को रेगुलर पुलिस को स्थानांतरित किए जाने हेतु जिलाधिकारी पौड़ी को भेजा गया है।

**ता भूरिपाशावनृतस्य सेतू दुरत्येतू रिपवे मर्त्याय।**
**ऋतस्य मित्रावरुणा पथा वामपो न नावा दुरिता तरेम।।**

(ऋग्वेद ७-६५-३)

मृत्युधर्मी मनुष्य यदि ईर्ष्या और शत्रुता को नियंत्रण में रखें तो उसके पास कई साधन हैं जिनके द्वारा वह पाप की धारा को पार कर सकता है। जैसे एक नौका से समुंद्र पार होता है उस प्रकार हम सत्य दिव्य पथ पर चलकर पाप की नदी को पार कर सकते हैं।

If mortal man keeps jealousy and enmity under control, then he has many means by which he can cross the stream of sin. Just as a boat crosses the sea, so we can cross the river of sin by following the divine path of truth. (Rig Veda 7-65-3)

## पिंक वेंडिंग जोन के उद्घाटन की मांग को लेकर बैठक

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन के उद्घाटन लोकार्पण करने की मांग को लेकर बैठक।



आज यहां उत्तराखंड राज्य की महिला सहायता समूह मंगल दल घरों में लघु उद्योग के माध्यम से प्रसाद- कपड़े के थैले, ब्रास की बोतलें घरेलू महिलाएं और महिला स्ट्रीट वेंडर्स को राज्य सरकार के संरक्षण में स्वरोजगार के अवसर दिए जाने को लेकर हरिद्वार रोड़ी बेलवाला में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन के उद्घाटन लोकार्पण मे बाजार को मूलभूत सुविधाओं से पूर्ण कर महिला पिंक वेंडिंग जोन को व्यवस्थित किए जाने की मांग को लेकर लाभार्थी पिंक वेंडिंग जोन की महिलाओं ने लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में न्यू महिला पिंक वेंडिंग जोन प्रांगण में बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता लघु व्यापारी महिला मोर्चा की सह संयोजक पूनम माखन, संचालन लाभार्थी महिला कामिनी मिश्रा ने किया।

बैठक के माध्यम से ई-मेल द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर महिला पिंक वेंडिंग जोन के बाजार को व्यापार के लिए संचालित किए जाने व शीघ्र ही उद्घाटन व लोकार्पण किए जाने की मांग को दोहराया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा प्रथम चरण में मुख्यमंत्री उद्यमिता सहायता समूह नियमावली के तहत रोड़ी बेलवाला में महिला पिंक वेंडिंग जोन की सभी लाभार्थियों की सूची नगर निगम प्रशासन द्वारा पूरी की जा चुकी है। आने वाले दिनों में नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शीघ्र ही महिला पिंक वेंडिंग जोन का शुभारंभ किया जाना न्याय पूर्ण होगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में राज्य भर में मनाया जा रहा है इसी में महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत रोड़ी बेलवाला में नगर निगम द्वारा बनाए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन में सभी सहायता समूह की महिलाएं स्ट्रीट वेंडर्स महिलाओं को साफ सफाई, बिजली पानी, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि सड़क निर्माण के साथ पिंक महिला वेंडिंग जोन का व्यापार के लिए संचालन किए जाने से केंद्र और राज्य सरकार का संरक्षण सभी लाभार्थी महिलाओं को स्वरोजगार कर अपने परिवार की जीविका पालन पोषण कर सकेंगी।

बैठक में सम्मलित हुए लाभार्थी महिलाओं में पार्वती देवी, पुष्पा दास, संगीता गुंजन, लीला देवी, श्रीमती मधु चौहान, संगीता चौहान, निर्मला, तन, चांदनी, मीरा देवी, सुनीता, धर्मो देवी, कामिनी, मंजू पाल, सीमा दुर्गेश आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# कार की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कार सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर पौडी गढवाल निवासी शैलेन्द्र सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा नवीन कुमार अपनी पत्नी के साथ मोटरसाईकिल से दून की तरफ जा रहा था जब वह कुंआवाला के पास पहुंचे तभी तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मारपीट में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू मार्ग निवासी यश त्यागी ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने मित्र के साथ सेंट पॉल अस्पताल के पास घुम रहा था तभी वहा पर जयदीप बालियान, हर्षित व हार्दिक वहां पर आये और उनके साथ गाली गलौच करने लगे उन्होंने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# युवती का पीछा करने पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। युवती को जबरन कार में बैठाने व मना करने पर उसका पीछा करने के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईडीपीएल निवासी व्यक्ति ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी बाजार से घर आ रही थी तभी एक सेंट्रो कार चालक ने उसकी बेटी को रोककर कार में बैठने के लिए कहा तो उसकी बेटी ने मना कर दिया जिसके बाद से आये दिन उक्त कार चालक उसकी बेटी का पीछा कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार से लैपटॉप चोरी

देहरादून (सं)। कार से लैपटाप चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी चौक लाइब्रेरी निवासी आर्यन देव उनियाल ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी कार घर के बाहर खडी थी तथा कार में उसका लैपटाप रखा हुआ था जब वह थोडी देर बाद कार के पास पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी लैपटाप कार से गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मारपीट में महिला नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर तोडफोड करने के मामले में पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलडी निवासी महिला ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाली स्मृति हरि उसके घर में घुस आयी और उसके साथ मारपीट करते हुए घर में तोडफोड करते हुए सारा सामान बिखेर कर उसको घायल कर जान से मारने की धमकी देकर चली गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगे दस लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केदारपुरम मोथरोवाला निवासी डा. गौरव मर्तोलिया ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान कंडोलिया रोड पौडी निवासी स्नेहा जोशी, सौडा सरोली रायपुर निवासी डा. मनीष मंदौला व रोहिणी दिल्ली निवासी सतेन्द्र द्विवेदी से हुई। उसने बताया कि तीनों ने उसको सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर उससे दस लाख रूपये ठग लिये। जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने उक्त लोगों से अपने रूपये वापस मांगे तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 41वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। महन्त श्री इन्द्रेश हॉस्पिटल एवँ गुरु राम राय मेडिकल कॉलेज पटेल नगर के सहयोग से दून सिख वैलफेयर सोसायटी के द्वारा आयोजित 41वा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर बारात घर, नानक निवास, सुभाष रोड पर आज भव्य समापन कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष श्री विजय कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, एवं सम्मानित सदस्यों एवं आगुन्तको का स्वागत किया।

संयोजक सरदार इन्द्र जीत सिंह ने अपनी रिपोर्ट मे अवगत कराया कि कैम्प में 620 रोगियों की जाँच की गयी जिसमें 95 मरीजों का मोतियाबिंद का आप्रेशन हुए तथा 90 मरीजों की रिफ्रेक्शन की जाँच हुई। दवाइयां, पढने के चश्मे निशुल्क दी गयीं एवं जिन मोतियाबिंद या अन्य जिन्हें उच्च जाँच की आवश्यकता थी उन्हें शिविर मे रखा गया और महन्त श्री इन्द्रेश हॉस्पिटल निर्देश पर खाली बेडस के अनुसार भेजा गया और कल शनिवार को अन्तिम बैच गया। ऑपरेशन, उच्च जाँच एवं रहने खाने की व्यवस्था निशुल्क थी। मेडिकल टीम एवं सबके सहयोग से कैम्प सफल रहा। संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह चावला जी सोसायटी के माध्यम से किये जा रही सेवाओं से सम्बंधित जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉक्टर एस फारूख जी ने सोसायटी की सेवाओं का उल्लेख करते हुए संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह चावला को बधाई दी जिनके मार्गदर्शन से प्रतिवर्ष सोसायटी नये आयाम प्राप्त कर रही है। अपना सहयोग सदैव देने के साथ उन्होंने सोसायटी के भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि डाँ तरुन्नम शकील प्रभारी नेत्र प्रभारी महन्त श्री इन्देश विजय हास्पिटल ने सोसायटी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य मे सहयोग का पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मरीजों आप्रेशन के पश्चात ध्यान रखने एवं बराबर दवाई डालने की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि सरदार गुरु बख्श राजन अध्यक्ष गुरु सिध सभा देहरादून ने भी सोसायटी की सेवाओं की तारीफ करते हुए शुभकामनाओं के हर समय हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

महन्त श्री इन्द्रेश हास्पिटल के डॉक्टरो नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ को उनके सहयोग के लिये सम्मानित किया गया।अन्त मे कृष्ण कुमार अरोड़ा ने सबका धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सबसे तन, मन.और धन से यथासंभव सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम मे शहर के सम्मानित समाजसेवी अनिल वर्मा, मोहम्मद आरिफ, विशंभर नाथ बजाज, आर के बक्शी, आर के रत्रा व अन्य और व्यापारी, कार्यकारिणी सदस्य आजीवन सदस्य, के साथ मरीज एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्कूटी में आग लगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर स्कूटी पर आग लगाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवानपुर राजावाला निवासी किरन बिष्ट ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर पर थी तभी बरसनी कोटडा निवासी शिवम गुसांई उसके मकान के अन्दर घुस आया और उसकी स्कूटी पर तेल डालकर आग लगा दी। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आखिर कब बनेगें शहीदों के नाम से शहीद द्वारः लालचंद

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कॉग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के निर्देश पर महानगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार शर्मा ने महानगर के अर्न्तगत 2019 में देश के लिए शहीद हुए वीर सैनिकों के नाम से शहीद द्वार बनाये जाने के लिए महापौर देहरादून को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के माध्यम से महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि देश की रक्षा के लिए उत्तराखंड से अनेकों जांबाज सैनिकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश के लिए बलिदान दिया है। जिसमें 2019 में देहरादून के तीन वीर सैनिक स्वर्गीय मेजर विभूति ड़ोंडियाल, मेजर चित्रेश बिष्ट और मोहनलाल रतूड़ी ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। इनके बलिदान की गूंज देशभर में सुनाई दी गयी थी। उस वक्त कई जगह इन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी थी।

शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था कि उक्त शहीद वीर जवानों की याद में इन शहीदों के निवास स्थानों के पास शहीद द्वार बनाए जाएंगे। उन्होने कहा कि महोदय आपके संज्ञान में लाना है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी शहीद द्वार नहीं बने है। इन वीर जवानों की शहादत को पूरे देश ने सलाम किया था। कांग्रेस मांग करती है कि देहरादून नगर निगम द्वारा इन शहीद जवानों के द्वार जल्द बना दिए जाएं ताकि भावी पीढ़ी भी इनकी शहादत को याद करें।

# 12 बोर की देशी बन्दूक व 16 कारतूस सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। पंचायत चुनावों के मद्देनजर सतर्क पुलिस ने आज सुबह एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बारह बोर की देशी बंन्दूक व 16 कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना बुग्गावाला पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति के पास अवैध हथियार है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर घेराबंदी करते हुए इसक लाल पुत्र साधुराम निवासी मुजाहिदपुर सतिवाला थाना बुग्गावाला को 12 बोर की देशी बन्दूक व 16 कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इसक लाल द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि मैंने यह बंदूक तमंचा शर्मा पुत्र समीर चंद निवासी मुजाहिदपुर सतीवाला थाना बुग्गावाला से ली थी वह पहले भी अस्लाह बनाने का काम करता था। पुलिस अब शर्मा की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। वहीं इसक लाल को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# एएसआई ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

नई दिल्ली। मध्य जिला के थाना प्रसाद नगर में तैनात दिल्ली पुलिस के एएसआई मनोज कुमार ने सुबह अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या थाने के अंदर बैरक में ही की गई। बताया जा रहा है कि एएसआई मनोज कुमार डिप्रेशन के शिकार थे। एक साल पहले थाना प्रसाद नगर में इनकी नियुक्ति हुई थी। मध्य जिला के थाना प्रसाद नगर में सुबह 9:00 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब वहां पर तैनात एएसआई मनोज कुमार ने अपनी सरकारी सर्विस रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली जैसे ही गोली की आवाज सुनी तुरंत सारे पुलिसकर्मी कमरे की तरफ भागे देखा कि खून से लथपथ एस आई मनोज कुमार वहा पर पड़े हैं आनन-फानन में मनोज को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया अभी तक जानकारी के मुताबिक एसआई मनोज कुमार 2021 में थाना प्रसाद नगर में तैनात हुए थे। बताया जा रहा है कि बीमारी के चलते डिप्रेशन के शिकार थे। फिलहाल परिवार वालों को इनकी सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच कर रही है।

# पैर फिसलने से मजदूर की मौत

हमारे संवाददाता

देहरादून। मसूरी हाथीपाँव कार्ट मैकेंजी रोड पर एक मजदूर का पैर फिसलने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मसूरी हाथीपाँव कार्ट मैकेंजी रोड पर कुछ मजदूर पुश्ता लगाने का काम कर रहे थे जिसमे से एक मजदूर का अचानक पैर फिसल गया और वह नीचे सड़क पर आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको ठेकेदार व मजदूरों द्वारा मसूरी उप जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जायजा लिया वहीं उनके द्वारा अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मजदूर सूरज थारू पुत्र आशाराम थारू निवासी नेपाल है तथा वह मसूरी हाथीपाँव कार्ट मैकेंजी रोड पर अपने परिवार के साथ मजदूरी का काम करता था। बताया कि मृतक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई पर लगाई रोक

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्री की जमानत याचिका पर सुनवाई और निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले को दूसरे जज को ट्रांसफर करने की ईडी की याचिका पर सभी आरोपियों को नोटिस भी जारी किया। कोर्ट में दायर याचिका में सत्येंद्र जैन का केस विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल के कोर्ट में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया गया है। सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर दलीलों से संबंधित कुछ तर्कों को उठाने के बाद ईडी ने दिल्ली के मंत्री का मामला स्पेशल जज गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की। गौरतलब है कि ईडी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 में सत्येंद्र जैन और दो अन्य के खिलाफ दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके तहत उन पर कथित रूप से जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप लगाया गया था।

## पंजाब के सीएम मान को फ्लाइट से...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सरकार और विदेश मंत्रालय को इस घटना के बारे में जानकारी जुटानीं चाहिए क्योंकि यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ सवाल है। देश के किसी प्रांत के मुख्यमंत्री को फ्लाइट से उतारा जाना सामान्य बात नहीं है। इसकी क्या वजह थी इसका सच पता चलना चाहिए। उधर अकाली दल शिरोमणि के प्रमुख सुखबीर सिंह का कहना है कि घटना अत्यंत ही निंदनीय है शर्म से सर झुक जाने वाली है। आप नेता अरविंद केजरीवाल को ऐसा मुख्यमंत्री पंजाब को देने के लिए जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री पद से हटा देना चाहिए। उधर आप के प्रवक्ता बलविंदर सिंह का कहना है कि यह हमारे सीएम को बदनाम करने की साजिश है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साप्ताहिक दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# संतरे को कहा जाता है सुपरफूड, सेवन से दूर होगी कई बीमारियां



फलों का सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद रहता है जिसमें से एक हैं संतरा जिसे सुपरफूड कहा जाता है। विटामिन सी से भरपूर संतरे में विटामिन ए, विटामिन बी, आयोडीन, कैल्शियम और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को सुबह के नाश्ते में एक संतरा जरूर शामिल करना चाहिए। अपनी डाइट में सिर्फ एक संतरा शामिल करने से आपको कई फायदे मिलते हैं। संतरा सेहत से लेकर त्वचा तक सभी के लिए फायदेमंद है। हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं कि किस तरह संतरे का सेवन सेहत को फायदे पहुंचाता हैं। आइये जानते हैं इसके फायदों के बारे में...

इम्यूनिटी बूस्ट होती है

रोग प्रतिरक्षा प्रणाली हमारे शरीर को बीमार और कमजोर करने वाले बैक्टीरिया और वायरस से बचाती है। यहां संतरा आपकी मदद कर सकता है, क्योंकि संतरा विटामिन सी जैसे जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने का काम करता है। रोजाना संतरा खाने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है। इससे सर्दी जुकाम और अन्य संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। संतरे में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जिससे शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

कैंसर से बचाव

विटामिन सी से भरपूर संतरे में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट और लाइमोनिन गुण मुक्त कणों के नुकसान से कोशिकाओं की रक्षा करते हैं। लाइमोनिन हमारे शरीर में लगभग 8-1० घंटे तक सक्रिय रह सकता है, जो कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकता है। संतरे का नियमित सेवन त्वचा, छाती, फेफड़ों, मुंह, पेट आदि के कैंसर को रोकने में मदद करता है। संतरा खाने से गैस्ट्रिक अल्सर को रोकने में भी मदद मिलती है। संतरे में मौजूद पेक्टिन फाइबर कैंसर से श्लेष्मा झिल्ली की रक्षा करता है।

दिल के मरीजों के लिए है फायदेमंद

इसके अलावा संतरे में ऐसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर और रक्तचाप को कम करने में मदद करते हैं। संतरा फाइबर और पेक्टिन से भी भरपूर है जो कि शरीर के वसा के अवशोषण को धीमा करते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। संतरे में पाया जाने वाला मिनरल मैग्नीशियम भी रक्त वाहिकाओं को लचीला बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है।

पथरी को बढ़ने से रोके

संतरे में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड मूत्र विकारों और गुर्दे के रोगों को दूर करने में मदद करता है। नियमित रूप से संतरे का सेवन करने से यूरिन के जरिए सिट्रिक एसिड के उत्सर्जन से 'पीएच बैलेंस' के स्तर में सुधार होता है, जिसकी वजह से गुर्दे से कैल्शियम को बाहर निकालने में मदद मिलती है और गुर्दे की पथरी के विकास का जोखिम कम हो जाता है।

ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद

बीपी के मरीजों को रोजाना संतरे का सेवन करना चाहिए। संतरे में फ्लेवोनोइड्स व पेक्टिन जैसे आवश्यक तत्व पाए जाते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। संतरे का सेवन करने से ब्लड प्रेशर का स्तर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

एनीमिया

संतरे के अंदर आयरन और विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। संतरे का सेवन आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को दूर करने में सहायक हो सकता है। दरअसल, संतरा में आयरन की कम मात्रा होती है लेकिन विटामिन सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है और विटामिन सी शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। ऐसे में इस स्थिति में संतरे के सेवन से एनीमिया की समस्या से बचाव हो सकता है।

दिमाग होता है मजबूत

संतरे में विटामिन सी होता है। सुबह अपने नाश्ते में सिर्फ एक संतरा शामिल करने से व्यक्ति की इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। संतरा में बैक्टीरिया और वायरल संक्रमण से लड़ने की शक्ति होती है। संतरे से वाइट ब्लड सेल्स को बढ़ने में मदद मिलती हैं। सुबह नाश्ते में एक संतरा खाने से दिमाग का विकास होता है और याददाश्त मजबूत होती है। संतरे में पाए जाने वाले फ्लेवोनॉयड एंटीऑक्सिडेंट्स हिप्पोकैम्पस दिमाग की नसों को मजबूत करते हैं।

गठिया में फायदेमंद

गठिया के मरीजों के लिए संतरे का सेवन फायदेमंद होता है। यह शरीर में मौजूद यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है। रोजाना संतरे का सेवन करने से जोड़ों में सूजन और गठिया के रोग से राहत मिलती है।

कोलेस्ट्रॉल करे कम

संतरा शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है क्योंकि इसमें फाइबर होता है। साथ ही इसमें पाया जाने वाला 'पॉलीमेथॉक्सिलेटेड फ्लेवोनोइड्स'

## शब्द सामर्थ्य -70

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# श्रुति हासन की शी इज ए हीरो महिलाओं की जीत पर केंद्रित है

अपने पहले सिंगल एज की सफलता के बाद, अभिनेत्री-गायिका श्रुति हासन ने अब अपना अगला ट्रैक शी इज ए हीरो रिलीज कर दिया है। श्रुति ने इसे खुद लिखा है और संगीतबद्ध कर गाया भी है। यह ट्रैक, जिसमें लोकप्रिय रैपर एमसी अल्ताफ भी हैं, को अभिनेत्री के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। अपने दूसरे मूल ट्रैक शी इज ए हीरो की रिलीज पर टिप्पणी करते हुए, श्रुति ने कहा, मैं अंत में अपना दूसरा एकल प्रस्तुत करके बहुत खुश हूं और वह भी ऐसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के साथशी इज ए हीरो महिलाओं के संघर्ष और जीत पर प्रकाश डालने के लिए विभिन्न कलाकारों और शैलियों के मिश्रण को एक साथ लाता है। एक सच्चा संगीत सहयोग, ट्रैक एमसी अल्ताफ के संगीत के अनूठे स्वाद को एक साथ लाता है जो श्रुति की गायक-गीतकार ऊर्जा को खूबसूरती से पूरा करता हैएक सूत्र ने कहा, ट्रैक का निर्माण करण कंचन और करण पारिख ने किया है, जबकि विजुअल कलाकार शांतनु हजारिका ने इस विशेष ट्रैक के लिए रचनात्मक निर्देशक की भूमिका निभाई है। पटकथा लेखक और गीतकार निरंजन अयंगर ने श्रुति के हिस्से के लिए अतिरिक्त हिंदी गीत लिखे हैंसूत्र ने आगे कहा, गीत के वीडियो में एनजीओ शिक्षा सेवा फाउंडेशन की लड़कियां हैं, जिसने इस ट्रैक को और खास बना दिया है।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर जल्द स्ट्रीम होगी महाभारत

धारावाहिक महाभारत, जिसे दूरदर्शन पर देखते हुए भारतीयों की एक पीढ़ी बड़ी हुई है, अब समकालीन रूप में ग्लोबल प्लेटफॉर्म स्ट्रीमर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर वापस आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह उन तीन भारतीय खिताबों में से एक है, जो लॉस एंजिल्स में ग्लोबल डिज्नी फैन इवेंट डी23 एक्सपो में सामने आया है।

महाभारत का निर्माण मधु मंटेना, राम गोपाल वर्मा के भतीजे और अनुराग कश्यप के पूर्व सहयोगी, माइथोवर्स स्टूडियोज और अल्लू एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। दूसरी अनाउंसमेंट्स में करण जौहर के सेलिब्रिटी चैट शो कॉफी विद करण का सीजन 8 भी शामिल है। यह धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत जौहर, अपूर्व मेहता और अनीशा बेग द्वारा निर्मित है। जौहर, मेहता और सोमेन मिश्रा बॉलीवुड-सेट ड्रामा सीरीज शोटाइम का भी निर्माण कर रहे हैं, जो धर्माटिक बॉस के अनुसार, भारत के एंटरटेनमेंट्स इंडस्ट्री के सबसे बड़े ट्रेड सेक्रेट्स से पर्दा उठाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, मंटेना ने कहा कि महाभारत भारत के सबसे पुराने महाकाव्यों में से एक है। जो समय जितना पुराना होने के बावजूद, प्राचीन छंदों में छिपे ज्ञान के कई पाठों और शब्दों के लिए आज भी प्रासंगिक है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार इंडिया के हेड ऑफ कंटेंट गौरव बनर्जी ने कहा : पिछले कई वर्षों में भारत एक कंटेंट पावरहाउस के रूप में उभरा है, जो भाषा और सांस्कृतिक सीमाओं को दूसरे देशों में कहानियों के जरिए पहुंचाने का काम कर रहा है।

# थैंक गॉड के मेकर्स ने अजय और सिद्धार्थ के चरित्र वाले पोस्टर किए रिलीज

आगामी फिल्म थैंक गॉड के निमार्ताओं ने फिल्म के चरित्र के पोस्टर को जारी किया है, पोस्टर को देख फैंस के बीच अजय देवगन को लेकर काफी खुशी है। इस फिल्म में अजय के साथ साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुलप्रीत मुख्य भूमिका में हैं। पोस्टर देखने से लग रहा है कि, अजय देवगन फिल्म में हिंदू देवता चित्रगुप्त के चरित्र को चित्रित करते हुए प्रतीत होते हैं, जबकि सिद्धार्थ एक आम आदमी की भूमिका निभाते हैं। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है, जो इससे पहले ह्यमस्ती, आमिर खान और माधुरी दीक्षित नेने-स्टारर दिल, इश्क और राजा जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। 25 अक्टूबर को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार यह फिल्म शुक्रवार को अपने ट्रेलर को रिलीज करेगी।

# एसजे सूर्या निर्देशक शंकर की आरसी15 के कलाकारों में हुए शामिल

तमिल सिनेमा के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक, एस जे सूर्य, राम चरण के साथ इक्का-दुक्का निर्देशक शंकर की आगामी फिल्म की में शामिल हो गए हैं, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से आरसी15 है। फिल्म के निर्माताओं ने अपनी यूनिट में अभिनेता का स्वागत किया। ट्वीट करके लिखा, बहुमुखी अभिनेता एस जे सूर्या हमारे तारकीय कलाकारों में शामिल हो गए! उन्होंने एक पोस्टर भी साझा किया था, एस. जे. सूर्या फर्श टू फ्लोर यू। अभिनेता राम चरण ने भी अपनी यूनिट में एसजे सूर्या का स्वागत किया। उन्होंने ट्वीट किया, आरसी15 में आपका स्वागत है एसजे सूर्या सर! इस बहुचार्चित फिल्म में कियारा आडवाणी को महिला प्रधान के रूप में दिखाया गया है। कई भाषाओं में बन रही इस बड़े बजट की फिल्म में अभिनेता जयराम, अंजलि, सुनील, श्रीकांत और नवीन चंद्रा भी शामिल हैं। एसएस थमन इस फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं, जिसमें तिरू ने कैमरे को क्रैंक किया है।

# जीवन भर ब्रह्मास्त्र को संजोकर रखूंगी : मौनी रॉय



नागिन फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय फिलहाल अयान मुखर्जी की फंतासी एक्शन-एडवेंचर फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आ रही हैं। उन्होंने न केवल अपने लुक से बल्कि अपनी आंखों में अपने एक्सप्रेशन से भी फिल्म में एक विरोधी ताकत के रूप में अपनी अपील को मजबूत बनाने की पूरी कोशिश की है।

फिल्म में अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और नागार्जुन अक्किनेनी हैं। मौनी कहती हैं, ब्रह्मास्त्र सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगी। एक टीम के रूप में, हम सभी ने एक अलग कहानी बताने की पूरी कोशिश की और दर्शकों को कुछ नया और इस दुनिया से बाहर की पेशकश की है।

अभिनेत्री, जिन्होंने लोकप्रिय सास-बहू गाथा क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरूआत की और बाद में जुनून - ऐसी नफरत तो कैसा इश्क, कस्तूरी और कई शो का हिस्सा बनीं। बॉलीवुड फिल्में जैसे रन, तुम बिन 2 और भी बहुत कुछ किया, उनका कहना है कि यह फिल्म उनके लिए किसी अन्य प्रोजेक्ट की तरह नहीं है बल्कि यह भावनाओं की तरह है और वह सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों से मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हैं।

उन्होंने कहा, फिल्म और मेरे किरदार को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से मैं सचमुच अभिभूत हूं। मैंने अपनी भूमिका जूनून के लिए पूरी तरह से समर्पित कर दी है और मुझे खुशी है कि धैर्य का भुगतान किया गया है। ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन-शिव 9 सितंबर को रिलीज हुई थी।

# हीरामंडी में मिली टीवी एक्ट्रेस नियति फतनानी को एंट्री!



बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली इन दिनों फिल्म हीरामंडी पर काम कर रहे हैं। उनकी यह अपकमिंग फिल्म आए दिन सुर्खियों में रहती है। फिल्म के लिए अदिति राव हैदरी से लेकर बॉलीवुड की सुपरस्टार रह चुकीं मुमताज तक का नाम सामने आया था। वहीं खास बात तो यह है कि संजय लीला भंसाली के हीरामंडी के लिए अब टीवी की एक हसीना को भी अप्रोच किया गया है, जो कि इन दिनों स्टार भारत के सीरियल चन्ना मेरेया के जरिए लोगों का खूब दिल जीत रही है। यह एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि चन्ना मेरेया की लीड एक्ट्रेस नियति फतनानी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, टीवी एक्ट्रेस नियति फतनानी को संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म हीरामंडी के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि उनका रोल फिल्म में अभी तक कंफर्म नहीं हो पाया है। साथ ही एक्ट्रेस ने भी आधिकारिक तौर पर हीरामंडी को लेकर कुछ नहीं कहा है। लेकिन नियति फतनानी से जुड़ी खबर आते ही फैंस ने उन्हें बधाइयां देनी शुरू कर दी हैं, साथ ही उनपर खूब सारा प्यार भी लुटा रहे हैं।

बता दें कि नियति फतनानी इन दिनों चन्ना मेरेया में करण वाही के साथ मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं। शो में दोनों की जोड़ी को खूब पसंद भी किया जा रहा है। चन्ना मेरेया से पहले नियति फतनानी ये मोह मोह के धागे और नजर जैसे टीवी सीरियल का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

वहीं संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी सीरीज की बात करें तो इसके लिए मनीषा कोइराला का भी नाम सामने आया था। एक्ट्रेस को संजय लीला भंसाली और मुमताज के साथ निर्देशक के ऑफिस के बाहर देखा गया था। वहीं मुमताज ने भी बताया था कि उन्हें संजय लीला भंसाली की सेक्रेटरी ने सीरीज के लिए अप्रोच किया है।

# मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन में पुंगुझली के रूप में ऐश्वर्या लक्ष्मी का लुक आउट

निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन की यूनिट ने फिल्म में अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी का समुद्रकुमारी पूंगुझली का लुक जारी किया है। ट्विटर पर लाइका प्रोडक्शंस, जो निर्देशक मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज के साथ फिल्म का निर्माण कर रही है, ने कहा, हवा की तरह नरम, समुद्र की तरह शक्तिशाली!




समुद्रकुमारी पूंगुझली के रूप में हैशटैग-ऐश्वर्या लक्ष्मी से मिलें!प्रोडक्शन हाउस ने अपने ट्वीट में इस बात को दोहराया कि फिल्म का एक भव्य आडियो और ट्रेलर लॉन्च 6 सितंबर को नेहरू इंडोर स्टेडियम में होना था।

फिल्म, जिसका पहला भाग 30 सितंबर को स्क्रीन पर हिट होने वाला है, प्रख्यात लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित है। शानदार कहानी, जो राजकुमार अरुल्मोझी वर्मन के प्रारंभिक जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बाद में महान राजा राजा चोजन के रूप में जाने गए।

मणिरत्नम की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जा रही इस फिल्म में विक्रम, ऐश्वर्या राय, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन, लाल, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रभु और प्रकाश राज सहित कई शीर्ष सितारे हैं। यह परियोजना देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने गढ़ी कैण्ट से किया भारत जोड़ो यात्रा का शुभाराम्भ




संवाददाता

देहरादून। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डा. जसविन्दर सिंह गोगी व प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली ने संयुक्त रूप से गढी कैण्ट से भारत जोडो यात्रा का शुभारम्भ किया।

आज यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी के शीर्ष नेता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 कि.मी. लम्बी भारत जोडो यात्रा के क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 जसविन्दर सिंह गोगी एवं प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती गोदावरी थापली के संयुक्त नेतृत्व में मसूरी विधानसभा के गढ़ी कैन्ट में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारम्भ महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद दुर्गामल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की अगुवाई में अपनी सर्व धर्म संभाव की परिपाटी पर चलते हुए पूरे देश के सभी धर्मो के लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोडो यात्रा के माध्यम से एक जोरदार पहल की है। यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनैतिक दल न होकर एक विचारधारा है जो अपने जन्म से लेकर अब तक के सफर में सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए समय-समय पर आन्दोलनों के माध्यम से समाज एवं देश के उत्थान के लिए काम करती रही है और आज भी अपनी उन्हीं गौरवशाली परम्पराओं का निर्वहन करती आ रही है।

डॉ. गोगी ने कहा कि देश को आजाद कराने के बाद कांग्रेस पार्टी ने पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व से सत्ता के लगभग 50 वर्षो के सफर में भारत वर्ष को दुनियां के सामने एक ताकतवर शक्ति के रूप में खड़ा करने का काम किया है परन्तु आज सत्ता में बैठी ताकतें देश के सर्वधर्म संभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में उसका डट कर मुकाबला करना है। इस असवर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती गोदावरी थापली ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने जिस तरह से महिलाओं, बेरोजगार नौजवानों का अपमान किया है इस अपमान को कांग्रेस बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार राहुल गांधी के नेतृत्व संघर्ष करने का काम कर रही है, हम सबको उनके हौसले को बढ़ाने का काम करना है। कार्यक्रम संयोजन उपेन्द्र थापली ने किया।

यात्रा में उपेन्द्र सिह थापली पीसीसी सदस्य, सुरेन्द्र सिंह रावत, प्रदीप डोभाल, अनिल बस्नेत, राजेन्द्र धवन, प्रशान्त खण्डूरी, विकास राज, उर्मिला थापा, सागर लाम्बा पार्षद पवन खरोला, शूरवीर चौहान, मेध सिंह कण्डारी, महेश चन्द, निधि देवी, गौरव गुलेरिया, विक्रम प्रधान, नलीन प्रधान, अकित थापा, मोहन थापली, रश्मि पुण्डीर, रोहित ठाकुर, चन्दमणी प्रधान, शिवराज सुब्बा, गणेश बाबू, राधा देवी, श्वेता गुरूंग, विनिता खत्री आदि उपस्थित थे।

# पालतू जानवरों की ओरल हाइजीन का ऐसे रखें ध्यान

पालतू जानवरों के लिए ओरल हाइजीन उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी इंसानों के लिए। अगर आप अपने पालतू जानवरों के मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करते हैं तो वे पीरियोडॉटाइटिस या ग्रेहाउंड जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। अमेरिकन वेटरनरी मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, ८० प्रतिशत पालतू जानवरों में तीन साल की उम्र से ही कैनाइन पीरियोडोंटल बीमारी के लक्षण दिखने लगते हैं। आइए आज पालतू जानवरों की ओरल हाइजीन मेंटेन करने के तरीके जानते हैं।

रोजाना टूथब्रश करवाएं

बदबूदार सांस या दांत से जुड़ी समस्याओं से अपने पालतू जानवरों को बचाए रखना सबसे अच्छा तरीका है कि रोजाना उनके दांतों को साफ करें। आजकल पेट शॉप पर पालतू जानवरों के लिए कई तरह के टूथपेस्ट और टूथब्रश उपलब्ध हैं, जिनमें से किसी एक को चुनकर आप अपनी पालतू के दांतों को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। ध्यान रखें कि मानव टूथब्रश का इस्तेमाल नहीं करना है क्योंकि यह उनके मसूड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।

अपने पालतू को दें डेंटल च्यू

डेंटल च्यू की मदद से भी आप अपने पालतू की ओरल हाइजीन को मेंटेन कर सकते हैं। अगर आपके पास एक पालतू कुत्ता है तो उसके लिए डॉग डेंटल च्यू खरीदें और उसे अपने कुत्ते को चबाने के लिए दें। इससे न सिर्फ उसके दांत चमकेंगे बल्कि उनमें मौजूद प्लॉक और टार्टर भी दूर होगा। वहीं, अगर आपके पास एक पालतू के तौर पर बिल्ली है तो उसकी उम्र के हिसाब से उसे डेंटल च्यू दें।

स्प्रिट्ज डेंटल स्प्रे

अगर आपके पालतू जानवर के मुंह से बदबू आती है तो उसे दूर करने के लिए स्प्रिट्ज डेंटल स्प्रे मदद कर सकता है। यह आपके पालतू के दांतों की देखभाल करने का एक तेज और आसान तरीका है क्योंकि ये आपके पालतू की सांसों को ताजा बनाने के लिए प्लाक पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि इन स्प्रे का छिड़काव करने से पहले आपका पालतू आधा घंटा पहले और बाद में कुछ न खाए।

सहज महसूस करवाने की करें कोशिश

अपने पालतू की ओरल हाइजीन को मेंटेन करने का यह एक और अच्छा तरीका है। इसके लिए आप अपने पालतू को पास बुलाए और उसके ऊपर अपना हाथ फेराते हुए उसका मुंह चेक करें। इससे आपका पालतू खुद को आपके साथ सहज महसूस करेगा और उसका मुंह भी चेक हो जाएगा। दरअसल, पालतू जानवर कमजोर दिखने से बचने के लिए अपने मुंह के लक्षणों को छुपाते हैं। इसलिए समय पर उनके मुंह को चेक करते रहना आपकी जिम्मेदारी बनती है।

समस्याओं को नजरअंदाज न करें

जब आपको अपने पालतू के दांतों के खराब होने के लक्षण दिखाई दें, जैसे रंग, टार्टर बिल्ड-अप, कैविटी आदि तो उसे जानवरों के दंत चिकित्सक के पास ले जाकर उसकी समस्याओं का समाधान पूछें।

## सू- दोकू क्र.70

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# भारत-बांग्ला प्रेमालाप

वेद प्रताप वैदिक

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्तमान भारत-यात्रा का महत्व क्या हमारे पड़ौसी देश समझ पा रहे हैं? पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव में जैसी अफरा-तफरी आजकल मची हुई है, ऐसी पिछले 75 साल में कभी नहीं मची। ये सभी भारत के पड़ौसी देश चीन के चक्रव्यूह में फंसकर गदगद थे। किसी देश में चीन बंदरगाह बना रहा है, किसी में हवाई अड्डे बना रहा है, किसी में सड़कें, रेलें और पुल बन रहे हैं और कहीं चीन लंबी अवधि के लिए द्वीप के द्वीप लीज पर लेकर सैनिक अड्डे खड़े कर रहा है लेकिन कुछ ही वर्षों में हमारे इन पड़ौसी देशों को पता चल गया है कि वे चीनी कर्जे के बोझ के नीचे दबते चले जा रहे हैं और ठोस उपलब्धि के नाम पर शून्य नजर आ रहा है।

यों तो बांग्लोदश की स्थिति अन्य पड़ौसियों के मुकाबले बेहतर है और शेख हसीना के शासन-काल में उसकी सर्वविध उन्नति भी काफी हुई है लेकिन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी डगमगाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे झोली फैलाने की नौबत अब बांग्लादेश पर भी आन पड़ी है। हसीना सरकार के विरोधी उस पर जमकर हमला बोल रहे हैं। प्रदर्शनों, जुलूसों और हड़तालों का दौरदौरा शुरु हो गया है। ऐसे विकट समय में प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत-यात्रा का महत्व अपने आप असाधारण बन जाता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के प्रति प्रारंभ से ही अत्यंत स्नेहपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने प्राकृतिक संकट का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश की जो मदद प्रधानमंत्री बनते से ही की थी, उसे बांग्ला जनता अभी तक याद करती है। शेख हसीना की इस भारत-यात्रा के दौरान कुशियारा नदी के बारे में जो समझौता हुआ है, उससे दोनों देशों को लाभ होगा! तीस्ता नदी के बारे में भी रचनात्मक संकेत दोनों तरफ से मिले हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच छोटी-मोटी 54 नदियां हैं। दोनों देशों के बीच ४००० किमी की सीमा है। बांग्लादेश आजकल ब्रिटेन की तरह भयंकर ऊर्जा-संकट से गुजर रहा है। दो बिलियन डॉलर की लागत से खुलना में बनने वाले बिजलीघर का दोनों नेताओं ने उदघाटन भी किया। इसमें भारत 1.6 बिलियन डॉलर लगाएगा। इसके अलावा बांग्लादेश की रेल्वे और सड़कों के निर्माण में भी भारत जमकर मदद करेगा। भारत लगभग ५०० मिलियन डॉलर की मदद प्रतिरक्षा उपकरणों के लिए भी दे रहा है। बांग्लादेश को भारत तरह-तरह की फौजी सामान देने में भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। इस समय भारत का पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा व्यापार बांग्लादेश के साथ है। पिछले साल आपसी व्यापार सिर्फ १०.78 बिलियल डॉलर का था। (आरएनएस)

# नागार्जुन की द घोस्ट के लिए सोनल चौहान ने लिया प्रशिक्षण

सोनल चौहान, अक्किनेनी नागार्जुन की आगामी फिल्म द घोस्ट में एक इंटरपोल अधिकारी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सूत्रों ने कहा कि, फिल्म में सख्त पुलिस वाली प्रिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री को अपने चरित्र के लिए गहन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ रहा है।

एक्शन दृश्यों के लिए प्रशिक्षण के अलावा, अभिनेत्री स्टंट के लिए अपनी फिटनेस पर भी काम कर रही है। सूत्रों का दावा है कि, सोनल को अपनी तैयारी के दौरान चोटें भी आईं। हालांकि, लगता है कि इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।

अभिनेत्री का अपनी भूमिका के लिए प्रशिक्षण का एक वीडियो अब सामने आया है और प्रशंसकों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रहा है।

द घोस्ट अपनी घोषणा के बाद से अब तक की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।

सोनल चौहान अपने करियर में पहली बार नागार्जुन के साथ नजर आएंगी और ट्रेलर में दोनों की झलक ने पहले ही प्रशंसकों के बीच काफी उत्सुकता पैदा कर दी है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा नागरिक अस्पताल पहुंचकर खटीमा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से घायल महिलाओं से मुलाकात की एवं उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों को बेहतर उपचार किए जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही मुख्यमंत्री ने बिजली गिरने से मृतक महिला के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्ति की।

## एनएसयूआई का सचिवालय कूच

संवाददाता

देहरादून। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया। जहां से उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां एनएसयूआई कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने सचिवालय के लिए कूच किया। जब वह सचिवालय के समक्ष पहुंचे तो पुलिस ने उनको बेरकेडिंग लगाकर रोक दिया। जहां पर उनकी पुलिस से हल्की नोंक झोंक भी हुई। जिसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्तमान में विभिन्न विभागों में यूकेएसएसएससी भर्ती व विधानसभा में नियुक्तियों में हुए घोटाले, 30 प्रतिशत महिला आरक्षण और भू-कानून को लेकर प्रदेश की जनता लगातार सडकों पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में करायी जाए तथा रामनगर में किसान से कृषि के नाम पर भूमि खरीद कर गैर कानूनी तरीके से उसमें व्यवसायिक कार्य करने वाले भूमाफिया गौरव सती को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत महिला आरक्षण पर सरकार अध्यादेश लाए।



## निर्माण कार्यो में अव्यवस्था के खिलाफ आप का स्मार्ट सिटी कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों में हो रही अव्यवस्थाओं के खिलाफ स्मार्ट सिटी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

आज यहां आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि देहरादून शहर को स्मार्ट बनाने के लिए निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन सडकों पर केवल गढडे नजर आ रहे है। जबकि बजट की बात करें तो 600 करोड रूपसे से ज्यादा खर्च होने की बात सामने आ रही है। इसके बावजूद राजधानी की हालत बद से बदतर होती जा रही है। निर्माण कार्यों के चलते जगह-जगह सडकें खुदी हुई और लोग हादसों के शिकार हो रहे हैं।

## मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करनपुर चौक निवासी रजत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह प्रिंस चौक पर स्थित पिज्जा हट में पीजा लेने के लिए आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल दुकान के बाहर खडी कर दी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### धामी ने भारत-नेपाल के बीच काली नदी पर मोटर पुल का किया शिलान्यास

# सेतु बनने से भारत और नेपाल के बीच आवागमन सुगम होगा: धामी



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धारचूला क्षेत्र के मल्ला छारछुम में भारत-नेपाल राष्ट्र के बीच काली नदी पर 32 करोड 98 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बन रहे 110 मीटर स्पान डबल लेन मोटर सेतु का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सेतु बहुत ही महत्व का सेतु (पुल) है। इस सेतु के बनने से भारत और नेपाल के बीच आवागमन सुगम होगा, व्यापार बढ़ेगा तथा रोजगार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह सेतु एक वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस पुल का निर्माण गुणवत्ता के साथ तेजी से किया जाए। पुल की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस पुल के शिलान्यास पर बहुत ही खुशी महसूस

**❑32 करोड़ 98 लाख 40 हजार की लागत से बनेगा डबल लेन मोटर पुल**

हो रही है। जिस काली नदी के किनारे पैदा होकर मुझे बड़ा होने का सौभाग्य मिला है, उस नदी पर बन रहे पुल की स्वीकृति भी मेरे हाथों से ही हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल के बन जाने से हमारे और नेपाल देश के बीच रोटी -बेटी का संबंध और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सीमांत गांवों के विकास के लिए काम हो रहा है। मार्ग कनेक्टिविटी, दूरसंचार कनेक्टिविटी के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। निश्चित रूप से यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि जनपद के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। हमारी सरकार सहयोगी और साझीदार के रूप में जनता के साथ खड़ी है!

छारछुम में भारत- नेपाल राष्ट्र के बीच काली नदी पर बन रहा 110 मीटर स्पान डबल लेन सेतु बहुत ही महत्व का सेतु होगा। भारत-नेपाल सीमा पर उत्तराखण्ड राज्य में टनकपुर के बाद यह दूसरा मोटर सेतु होगा। इस सेतु पर छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहन चल सकेंगें। इस सेतु के बन जाने से भारत व नेपाल देश के बीच व्यापारिक सम्बन्धों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरीश धामी, ब्लाक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी,नगर पालिका अध्यक्ष धारचूला श्रीमती राजेश्वरी देवी, जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, एसपी लोकेश्वर सिंह, एससी लोनिवि एके कांडपाल आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान चला अल्पसंख्यक मोर्चा मना रहा है सेवा पखवाड़ा

संवाददता

देहरादून। स्वच्छता अभियान चलाकर भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा सेवा पखवाडा मना रहा है। आज यहां 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड के महानगर प्रदेश पदाधिकारियो द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्वच्छता अभियान किया जिसमें प्रदेश मंत्री अंकुर जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने निर्देश दिया हैं कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक लालबहादुर शास्त्री जयंती एवं महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के निमित पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये हैं जिसमे आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चो को स्टेशनरी, रक्तदान शिविर,स्वास्थ्य मेडिकल कैम्प शिविर,पोस्टकार्ड के माध्यम से धन्यवाद एवं शुभकामनाए बुद्धिजीवी सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, दिव्यांग शिविर,अमृत सरोवर स्वच्छता ओर लोकल फॉर वोकल जैसे कार्यक्रम पूरे पखवाड़े आयोजित होंगे।

## डीआरयूसीसी सदस्य शशांक मलिक ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

संवाददाता

देहरादून। भारतीय रेल सेवा के डीआरयूसीसी सदस्य शशांक मलिक ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर साफ सफाई के निर्देश दिये।

आज यहां भारतीय रेल सेवा के डीआरयूसीसी सदस्य शशांक मलिक ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। शशांक मलिक ने रेलवे परिसर का निरीक्षण कर पूर्ण रूप से परिसर की साफ सफाई के निर्देश दिये व भविष्य में भी परिसर की साफ सफाई 24 घंटे होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छ भारत का सपना पूर्ण करने में रेलवे अपनी अहम भूमिका का योगदान देगा। परिसर निरीक्षण में यात्रियों को पीने का पानी, शौचालय, यात्रियों के बैठने की बेंच, वेटिंग रूम आदि का मुआयना किया। शशांक मलिक ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखी व खराब पडे कैमरों को शीघ्र सही करने के निर्देश दिये।



मलिक ने रेलवे स्टेशन पर आये यात्रियों से भी मुलाकात कर रेल सेवा में दी जा रही सुविधा व यात्रियो को होने वाली परेशानियों की भी जानकारी ली तथा यात्रियां से रेलवे को बेहतर करने के लिए सुझाव को अपने उच्चाधिकारियों व रेल मंत्रालय से वार्ता करेंगे। इस अवसर पर कौशल बृजवान, इन्द्रजीत सहगल, दीपक मलिक, मनु अग्रवाल, समीर राणा, राहुल, पंकज आदि मौजूद थे।



## एक नजर

# पत्नी पीड़ित पतियों ने किया जिंदा पत्नियों का पिंडदान!

मुंबई। पितृपक्ष के मौके पर मुंबई में बानगंगा टैंक के किनारे कई लोगों ने अपनी जिंदा पत्नियों का पिंडदान किया। ये सभी ऐसे पत्नी पीड़ित पति थे जिनका या तो तलाक हो चुका है या फिर मामला कोर्ट में लंबित है।जानकारी के अनुसार करीब 50 पत्नी पीड़ित पतियों ने अपनी जिंदा पत्नियों का पिंडदान किया। इन सभी लोगों ने शादी की बुरी यादों से छुटकारा पाने के लिए पूरे विधि विधान के साथ अपनी जिंदा पत्नियों का पिंडदान किया।यह कार्यक्रम पत्नी पीड़ित पतियों की संस्था वास्तव फाउंडेशन की तरफ से मुंबई में आयोजित किया गया था। वास्तव फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित देशपांडे का कहना है कि ये पिंडदान इसलिए किया गया है, क्योंकि ये सभी लोग अपनी पत्नियों के उत्पीड़न से परेशान थे। इनमें से ज्यादातर ऐसे लोग हैं, जिनका या तो तलाक हो चुका है या फिर वो अपनी पत्नी को छोड़ चुके है। मगर उनकी बुरी यादें अभी भी उन्हें परेशान कर रही है। इन्ही बुरी यादों से मुक्ति के लिए ये आयोजन किया गया है। वहीं पिंडदान करने वाले पतियों का कहना था कि पत्नियों के साथ उनका रिश्ता एक तरह से मर गया है, इसलिए पितृपक्ष के मौके पर ये पिंडदान किया गया है, ताकि बुरी यादों से उन्हें छुटकारा मिल सके।




# वक्फ बोर्ड की जमीनों पर लगेंगे उद्योग

विशेष संवाददाता

देहरादून। वक्फ बोर्ड की जमीनों पर हुए अतिक्रमण को लेकर सरकार द्वारा बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया गया है। सरकार मदरसों के सर्वे के साथ सिर्फ उस जमीन को भी चिन्हित नहीं करेगी जिन पर अनाधिकृत रूप से कब्जे कर मदरसे बनाए गए हैं बल्कि वक्फ बोर्ड की तमाम उन जमीनों के भी चिन्हीकरण का काम शुरू करने जा रही है जिन पर अतिक्रमण कर लोगों ने बहुमंजिला भवन खड़े कर दिए हैं या फिर बस्तियां बसा दी गई है।

समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास का कहना है कि वक्फ बोर्ड की जमीनों के चिन्हीकरण का काम जल्द शुरू किया जाएगा तथा अतिक्रमण की गई जमीनों से कब्जे समाप्त कर इस जमीन को उद्योग लगाने के काम में लाया जाएगा। उनका कहना है कि वक्फ बोर्ड की जमीनों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें लीज पर उद्योगपतियों को दिया जाएगा। जिन जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है उन्हें कब्जा मुक्त कराकर तथा जो जमीन खाली पड़ी हैं और जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है उन जमीनों पर उद्योग लगाने से राज्य को तो फायदा होगा ही साथ साथ वक्फ बोर्ड की आय में बढ़ोतरी होगी।



❑मदरसों के सर्वे के साथ जमीनों की भी जांच
❑अतिक्रमण पर चिन्हीकरण के बाद कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि राज्य में लाखों करोड़ की परिसंपत्तियां हैं जिन पर या तो अवैध कब्जे हो चुके हैं या फिर वह खाली पड़ी है। जिनका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। वक्फ बोर्ड की जमीनों को खुर्दपुर्द करने और उन पर अतिक्रमण किए जाने के मुद्दों को लेकर आए दिन विवाद सामने आते रहते हैं। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी मदरसों का सर्वे कराए जाने की पहल के बाद यह बात सामने आई थी कि राज्य में कई ऐसे मदरसे हैं जो वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा कर खोले गए हैं। सरकार अब सिर्फ उन मदरसों पर ही कार्रवाई नहीं करेगी जो वक्फ बोर्ड की जमीनों पर बने हैं अपितु वक्फ बोर्ड की सभी जमीनों का सर्वे कर अतिक्रमण को चिन्हित करने का प्लान बना रही है। तथा इन जमीनों को खाली कराकर यहां उद्योग लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। राज्य में भाजपा की सरकार है और भाजपा नेता शादाब शम्स वक्फ बोर्ड के चेयरमैन है। जिनका अभी हाल में ही गठन हुआ है बोर्ड की पहली बैठक के बाद शादाब शम्स द्वारा भी वक्फ बोर्ड की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा मदरसों का सर्वे कराने की बात कह चुके हैं।

# वीडियो वायरल मामला: 2 वॉर्डन सस्पेंड, यूनिवर्सिटी कैंपस 6 दिनों के लिए बंद

चंडीगढ़। मोहाली में एक यूनिवर्सिटी की छात्राओं का वीडियो वायरल होने के बाद से हंगामा जारी है। छात्र-छात्राओं ने बीती रात पूरे कैंपस में प्रदर्शन किया। घटना के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने हॉस्टल की दो वॉर्डन को सस्पैंड कर दिया। वहीं यूनिवर्सिटी कैम्पस को अगले 6 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। सस्पेंड की गई दो वॉर्डन में से एक का वीडियो रविवार रात को वायरल हुआ है। पुलिस के बयान अनुसार आरोपी छात्रा ने अपने साथ रहने वाली छात्रा के नहाते हुए कई वीडियो बनाए और अपने बॉयफ्रेंड को भेज दिए, जो शिमला में रहता है। आरोपी लड़के ने छात्रा के नहाते हुए वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। आरोपी छात्रा से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके बॉयफ्रेंड को शिमला से अरेस्ट कर लिया। आरोपी युवक के पास से 4 मोबाइल फोन मिले हैं। बॉयफ्रेंड की गिरफ्तारी के बाद 18 सितंबर की रात पुलिस ने शिमला में एक 31 वर्षीय शख्स को हिरासत में लिया है।



# अमेरिका में कोरोना महामारी का प्रकोप अब खत्म हो गया है: बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि देश में कोरोना महामारी का प्रकोप अब खत्म हो गया है। उन्होने कहा कि कोविड खत्म हो गया है, लेकिन इससे जुड़ी परेशानियां अभी भी समस्या बनी हुई हैं। एक इंटरव्यू के दौरान बाइडेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वजह से अमेरिका में 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। अभी भी इससे जुड़ी समस्याओं के समाधान पर काम हो रहा है। हालांकि संक्रमण का असर अब काफी कम हो गया है और महामारी देश में खत्म हो चुकी है। अमेरिका की बाइडेन सरकार कोविड-19 को अभी भी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी के तौर पर देखती है, लेकिन वहां कोरोना प्रतिबंधों से काफी हद तक लोगों को छूट मिली हुई है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के आंकड़ों से मालूम चलता है कि पिछले दो हफ्तों में हर दिन लगभग 65,000 नए कोविड केस सामने आए हैं और दर्ज किए जा रहे मामले लगभग-लगभग हर राज्य में कम हो रहे हैं। अमेरिका में कोरोना से रोजाना लगभग 400 लोग दम तोड़ रहे हैं। हालांकि आधिकारिक आंकड़े वास्तविक आंकड़ों से काफी दूर हैं। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कोरोना महामारी दुनिया के लिए अब भी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी बना हुआ है।



# 17 दरोगाओं के तबादले, जितेन्द्र बने एसओ राजपुर, राठी धारा चौकी इंचार्ज

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी ने 17 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर जितेन्द्र सिंह चौहान को राजपुर थाना प्रभारी व विवेक राठी को धारा चौकी प्रभारी बनाया।

आज यहां एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने 17 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए जितेन्द्र सिंह चौहान को डोईवाला से एसओ राजपुर व एसओ राजपुर को वरिष्ठ उपनिरीक्षक डोईवाला बनाया। वहीं पुलिस लाइन में तैनात विवेक राठी को धारा चौकी प्रभारी व धारा चौकी प्रभारी सुभाष जखमोला को कोतवाली नगर भेजा। इसके साथ ही नवीन जुराल को कोतवाली पटेलनगर से कोतवाली नगर, मोहन सिंह को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक पटेलनगर, बलदीप सिंह को रायपुर से कोतवाली पटेलनगर, आशीष रावत को कोतवाली नगर से वरिष्ठ उपनिरीक्षक रायपुर, पंकज महिपाल को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी आराघर, दीनदयाल को कोतवाली पटेलनगर से चौकी प्रभारी कुल्हाल कोतवाली विकासनगर, भरत सिंह रावत को कोतवाली नगर से चौकी प्रभारी धर्मावाला थाना सहसपुर, जयवीर सिंह पैलू चौकी प्रभारी सभावाला से कोतवाली डालनवाला, ओमवीर सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी सभावाला थाना सहसपुर, किशन देवरानी को कोतवाली डोईवाला से चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विकासनगर, रजनीश कुमार सैनी को चौकी प्रभारी धर्मावाला थाना सहसपुर से कोतवाली नगर, दिनेश चमोली को कोतवाली डोईवाला से कोतवाली पटेलनगर व शाहिल वशिष्ठ को कोतवाली डालनवाला से कोतवाली डोईवाला भेजा गया है।

सभी को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।

# राज्य की महिलाओं को मिलने वाला आरक्षण निरस्त होना राज्य सरकार की असफलता: आर्य

नगर संवाददाता

नैनीताल। राज्य आंदोलनकारियों के बाद राज्य की महिलाओं को मिलने वाले आरक्षण का लाभ उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किया जाना राज्य सरकार की असफलता है।



यह बात उत्तराखण्ड के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा कही गयी। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के सैंकड़ों सरकारी वकील कांग्रेस की सरकारों द्वारा दिये गये इन दो विशिष्ट वर्गों को मिलने वाले आरक्षण की सही पैरवी न्यायालय में नहीं कर पाये। साथ ही सरकार ने कोई अध्यादेश अथवा विधेयक के माध्यम से महिला आरक्षण के लिए कानून भी नहीं बनाया। उन्होने कहा कि कुछ इसी तरह कुछ साल पहले राज्य आंदोलनकारियों को नौकरियों में मिलने वाला आरक्षण भी उच्च न्यायालय द्वारा समाप्त कर दिया गया था। उन्होने कहा कि कांग्रेस की एनडी तिवारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण दिये जाने का फैसला लिया गया था। सरकार ने इस फैसले को जमीन में उतारने के लिए 24 जुलाई 2006 को तत्कालीन मुख्य सचिव एन एस नपलच्याल की ओर से शासनादेश जारी कर 2001 के शासनादेश के अनुसार मिलने वाले 20 फीसदी क्षैतिज आरक्षण को बढ़ाकर 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण कर दिया था।

उन्होने कहा कि कांग्रेस के इस निर्णय से तब से लेकर अब तक उत्तराखण्ड की हजारों महिलाओं को राज्य की हर सेवाओं में अवसर मिला। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार न्यायालय में राज्य की महिलाओं के हितों की रक्षा करने में असफल रही।

## ट्रक की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रूद्रपुर निवासी रोहित अपने मोटरसाईकिल से घर की तरफ जा रहा था जब वह बालूवाला के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की मां श्रीमती बामो देवी की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*